## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।




आज दिनांक- 14.03.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

## जनपद महोबा में सड़क दुर्घटनाओं को रोके जाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस टीम द्वारा वाहन चालकों को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया गया, वाहनों में चस्पा किये गये जागरुकता पम्पलेट्स –





पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी रोकथाम के लिए जनपदीय पुलिस टीमों द्वारा किये जा रहे प्रयासों के क्रम में आज दिनांक- 14.03.2025 को प्रभारी यातायात पुलिस महोबा श्री सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम द्वारा मुख्यालय महोबा क्षेत्रअन्तर्गत दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में भ्रमणशील रहते हुए यातायात नियमों की अवहेलना कर सडक में वाहन चला रहे वाहन चालकों को रोककर उनकी जीवन रक्षा व सड़क दुर्घटना रोके जाने के उद्देश्य से वाहन चालकों को रोककर उनको यातायात नियमों की जागरुकता पर जोर देते हुए उनके महत्व को बताया गया है और यातायात नियमों का पालन किये जाने हेतु शपथ दिलाई गई है साथ ही यातायात नियमों के प्रति जागरुकता हेतु ऐसे 25 वाहनों में जागरुकता पम्पलेट्स भी चस्पा किये गये हैं। ।

सभी को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करते हुए बताया कि सड़क पर वाहन चलाने से पहले सभी यातायात सुरक्षा सम्बन्धी बातों का ध्यान रखें, हमेशा सड़क के दोनो ओर देख कर की सड़क को पार करें, दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट तथा चार पहिया वाहन चलाते समय शीट बेल्ट का प्रयोग करें, ध्यान रहे इस दौरान मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करें। सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 14.03.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद के प्रमुख धार्मिक स्थानों में ड्रोन कैमरों से की गई निगरानी, माहौल खराब करने वालों के विरुद्ध की जायेगी कडी कार्यवाही-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में त्यौहारों के दौरान शान्ति पूर्ण माहौल बना रहे, कानून व्यवस्था की स्थिति सामान्य रहे, त्यौहारों में किसी प्रकार की कोई अव्यवस्था ना हो इसके लिए जनपदीय पुलिस अधिकारियों को महत्वपूर्ण स्थलों में आवश्यक पुलिस प्रबन्ध सुनिश्चित किये जाने के निर्देश निर्गत किये गये हैं।

जिसके क्रम में आज दिनांक-14.03.2025 को त्यौहार के दृष्टिगत ड्रोन कैमरे से निगरानी की जा रही है। होली, रमजान व आगामी ईद पर्व को सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत जनपद के विभिन्न थानाक्षेत्र अन्तर्गत अवस्थित हिंदू मुस्लिम मिश्रित आबादी, मंदिर मस्जिद के आसपास के क्षेत्र में ड्रोन कैमरे की मदद से वीडियो ग्राफी व फोटोग्राफी कराई गई किसी भी छत पर कोई अवैध सामग्री तथा ईट पत्थर आदि नहीं पायी गयी।





इस दौरान जनपदीय पुलिस टीमों द्वारा सभी धर्मों के धर्मगुरुओं, सम्भ्रान्त लोगों से परस्पर संवाद बनाया गया है एवं सभी से अपील की जा रही है कि त्यौहारों को शान्तिपूर्ण तरीके से आपसी भाई-चारे के साथ मनायें, किसी भी अफवाह पर भ्रमित न हों, अराजकता फैलाने वालों की सूचना स्थानीय पुलिस प्रशासन को दें, तत्काल संज्ञान लेकर कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। जनपद महोबा पुलिस प्रशासन जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय में जनपद के सभी थाना प्रभारियों के साथ की गोष्ठी, होली पर्व के दृष्टिगत दिए गए आवश्यक निर्देश-

## IGRS से प्राप्त सन्दर्भों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये जाने के दिए निर्देश-

जनपद महोबा में आज दिनांक- 13 मार्च को होलिका दहन होना है, जनपद में होली पर्व परम्परा के अनुसार दिनांक- 14/15/16.03.2025 को मनाया जायेगा। होली पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजामों के दृष्टिगत आज दिनांक- 13.03.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय में जनपद के थाना प्रभारियों के साथ गोष्ठी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा सभी थाना प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि, होली पर अराजक तत्वों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। होली पर हुड़दंग या उत्पात मचाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी, निर्देशित किया गया है कि सभी त्यौहार परंपरागत तरीके से ही मनवायें जायें। वहीं जिन स्थानों पर होलिका दहन होने जा रहा है। वहां के आयोजकों और लोगों से वार्ता करते हुए संवाद बनाये रखा जाये, इसके अलावा होलिका दहन के जो भी संवेदनशील स्थान हैं, वहां खास निगरानी के साथ थाना प्रभारी खुद दौरा करेंगे। साथ ही वहां पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाए। अगर होली पर छोटी से छोटी घटना की सूचना मिलती है तो उसमें कतई लापरवाही न दिखाई जाए और तुरंत अलर्ट मोड में आते हुए तत्परता और गंभीरता से कार्रवाई की जाए।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के सम्बन्ध मे समीक्षा की गयी तथा आईजीआरएस पोर्टल से प्राप्त प्रार्थना पत्रों के गुणवत्तापूर्वक/समयबद्ध निस्तारण करने हेतु गोष्ठी आयोजित कर उपस्थित थाना प्रभारियों को आईजीआरएस निस्तारण संबन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह, प्रभारी आईजीआरएस श्री मनोज कुमार शुक्ला, पीआरओ श्री अरविन्द सिंह गौर सहित जनपद के थानों के थाना प्रभारी मौजूद रहे।





उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 14.03.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ होली पर्व के दृष्टिगत मिश्रित आबादी वाले स्थलों में पैदल गश्त की गयी, स्थानीय लोगों से संवाद कर सुरक्षित परिवेश का कराया बोध-

आज दिनांक- 14.03.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व श्री राम प्रकाश, एसडीएम चरखारी डॉ प्रदीप कुमार, क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गोंड व थानाध्यक्ष चरखारी श्री प्रवीण कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ होली पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत जनपद महोबा के थाना चरखारी में मिश्रित आबादी वाले स्थानों में अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत करने के उद्देश्य से होलिका दहन स्थल, व्यस्तम भीड़- भाड़ वाले प्रमुख स्थानो एवं संवेदनशील स्थानों यथा भैरोगंज, वी पार्क, कस्बा चरखारी आदि मुख्य जगहों पर पैदल गस्त की गयी।

पैदल गश्त के दौरान आमजनमानस से वार्ता कर सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में उनसे संवाद स्थापित किया गया। त्यौहारो के दौरान क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था कायम रहे इसके लिए प्रत्येक महत्वपूर्ण स्थल पर पुलिस बल को तैनात किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। होलिका दहन के दिन आमजनता की रात्रि में भी आवाजही रहती है जिस कारण कोई घटना घटित न हो इसके लिए रात्रि डयूटियाँ एवं रात्रि पुलिस मोबाइल द्वारा विशेष सतर्कतापूर्वक लगातार भ्रमणशील रहते हुए गस्त करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। जिससे होली के त्यौहारों को सकुशल, हर्षोल्लास और निर्बाध रूप से मनाया जा सके।









## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा होली पर्व व जुमा की नमाज के अवसर पर शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने के उद्देश्य से जनपद में भ्रमणशील रहकर सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा-

आज दिनांक 14.03.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा होली पर्व व जुमा की नमाज के अवसर पर जनपद महोबा में शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से प्रशासनिक अधिकारियों एवं भारी पुलिस बल के साथ जनपद में भ्रमणशील रहकर सुरक्षा व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया गया।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा त्यौहार को शान्ति व सौहार्दपूर्ण तरीके से मिलजुलकर मनाने, अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गयी एवं ड्यूटी में लगे अधि0/कर्मचारीगणों को सतर्कता पूर्वक ड्यूटी करने व त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में होली पर्व के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस अधि./कर्म. महत्वपूर्ण स्थलों में रहे भ्रमणशील, आमजनता से संवाद कर क्षेत्र में सुदृढ़ सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था का लिया गया जायजा।

आज दिनांक- 14.03.2025 को जनपद महोबा में परम्परानुरुप होली का रंगोत्सव पर्व मनाया जा रहा है, होली पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा श्री पलाश बंसल के निर्देशन पर जनपदीय पुलिस के अधि./कर्म. अपने-अपने क्षेत्र के महत्वपूर्ण स्थलो मे भ्रमणशील हैं। पुलिस अधिकारियों द्वारा जनपद में भ्रमण के दौरान यातायात/सुरक्षा व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया गया, भीड़-भाड/मिश्रित आबादी वाले क्षेत्र मे पैदल गश्त कर स्थानीय जनता से संवाद स्थापित कर भयमुक्त माहौल प्रदान किया गया।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री पलाश बंसल द्वारा होली पर्व, रमजान माह तथा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु जनपदीय पुलिस के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को खुफिया तंत्र और अधिक सक्रिय करते हुए प्रत्येक छोटी सी छोटी घटना को गंभीरता से लेते हुए तत्परता से कार्रवाई करने के निर्देश देते हुये अराजक तत्वों को चिह्नित कर कार्रवाई करने को कहा है। साथ ही आबकारी विभाग के अधिकारियों से समन्वय बनाकर आकस्मिक चेकिंग करके अवैध शराब का कारोबार करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही सभी संवेदनशील स्थानों, मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों, जुलूस के मार्गों एवं हॉट स्पाट्स पर पर्याप्त पुलिस प्रबन्ध करते हुये होली पर्व, रमजान माह के दौरान क्षेत्र में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिये गये हैं।

पुलिस अधीक्षक ने होली पर्व के दौरान सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्मों की सतर्कता से लगातार निगरानी करने के निर्देश दिये हैं।